PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Wednesday, 20th June 2018; Page: 5**
**Width: 15.48 cms; Height: 21.83 cms; a4; ID: 39.2018-06-20.56**

# सामूहिक योग कार्यक्रम की जिम्मेदारी ब्रह्मकुमारी को

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** पिछले वर्ष विश्व योग दिवस पर ब्रह्म कुमारी संस्था की ओर से लाल किला मैदान में आयोजित करीब 50 हजार लोगों के सामूहिक योग कार्यक्रम की सफलता देखते हुए केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने इस साल चौथे विश्व योग दिवस पर लाल किला मैदान में सामूहिक योग कार्यक्रम की जिम्मेदारी ब्रह्म कुमारी संस्था (बीकेएस) को दी है।

**केंद्रीय आयुष मंत्रालय चौथे योग दिवस का आयोजन लालकिला मैदान में करेगा**

लाल किला मैदान में दिल्ली तथा एनसीआर से 50 हजार से भी अधिक योग प्रेमी जनता भाग लेगी जिसमे आयुष मंत्रालय द्वारा आमंत्रित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल जैसे की बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ आदि के दो हजार महिला कर्मी भी शामिल होंगे। सामूहिक योग कार्यक्रम को बीकेएस की मुख्य प्रशासिका 102 वर्षीया राजयोगिनी दादी जानकी नेतृत्व प्रदान करेंगी, योग की विधि बताते हुए योग की कमेंट्री से सामूहिक योग कराएंगे।

लाल किला मैदान में बीकेएस की ओर से संचालित चौथे विश्व योग दिवस कार्यक्रम में दिल्ली स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के निदेशक डेर्क सेंग्गार समेत कुछ विश्व के प्रख्यात इंटरफेथ लीडर्स जैसे की जमातएइस्लामी के महासचिव मोहम्मद सलिम इंजीनियर, अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट फेडरेशन के महासचिव लामा लोबजांग, दिल्ली में यहूदी समुदाय के हेड प्रीस्ट इ.आई मालेकर एवं बहाई संप्रदाय के राष्ट्रीय न्यासी डा. एके मर्चेंट आदि भाग लेंगे। ये लोग योग के बहुआयामी सुप्रभाव पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।